कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2023 / 93 रायपुर, दिनांक 16/01/23

प्रेस विज्ञप्ति

पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत विभिन्न पदों की प्रारंभिक लिखित भर्ती परीक्षा (PRPE22) के आयोजन एवं वंचित अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन लिंक पुनः खोलने के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर का पत्र क्रमांक–पु.मु./भर्ती अध्यक्ष/ए/85/2022 रायपुर, दिनांक 09.09.2022 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर विभिन्न 08 पदों **(सूबेदार, उपनिरीक्षक, उप निरीक्षक (विशेष शाखा), प्लाटून कमाण्डर, उप निरीक्षक (अंगुल चिन्ह), उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज), उप निरीक्षक (कम्प्यूटर), उप निरीक्षक (रेडियो)** पर **प्रारंभिक लिखित भर्ती परीक्षा 2022** का आयोजन पूर्व में दिनांक **06.11.2022** को अपरान्ह 2:00 से 4:15 बजे तक किया जाना था। अपरिहार्य कारणों की वजह से उक्त भर्ती परीक्षा को स्थगित किया गया था।

सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर भर्ती की प्रारंभिक लिखित परीक्षा के सम्बंध में पुलिस मुख्यालय, सेक्टर 19, नवा रायपुर से मार्गदर्शन मांगा गया। तदानुसार पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर का पत्र क्रमांक–पु.मु./प्रशासन/भर्ती/M99/2022/ दिनांक 12.01.2023 के माध्यम से सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर भर्ती की प्रारंभिक लिखित परीक्षा कराने हेतु राज्य शासन द्वारा समय–समय पर आरक्षण एवं अन्य प्रयोजन हेतु जारी नियम/निर्देश लागू होने की शर्त पर सहमति दी गई है ।

पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई सहमति के अध्याधीन व्यापम द्वारा यह परीक्षा दिनांक **29.01.2023** को 05 संभागीय मुख्यालयों में आयोजित की जावेगी । ऐसे पात्र अभ्यर्थी जो पूर्व में प्रारंभिक परीक्षा का आवेदन नहीं भर पाये थे, उनके लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु 03 दिवस के लिए पुनः लिंक खोला जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में आवेदन किया हो उन्हें पुनः आवेदन भरने की आवश्यकता नहीं है ।

अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं । परीक्षा का कार्यक्रम निम्नानुसार है –

1.	परीक्षा की तिथि (संभावित)	–	**29 जनवरी 2023 (रविवार)**
2.	परीक्षा का समय :	–	पूर्वान्ह 10:00 से 12:15 बजे तक
3.	वंचित अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रारंभ होने की तिथि	–	16.01.2023 रात्रि 12:00 बजे से (सोमवार)
4.	ऑनलाइन आवेदन लिंक बंद होने की अंतिम तिथि	–	19.01.2023 (गुरूवार), रात्रि 11:59 बजे तक
5.	परीक्षा केन्द्र 05 संभागीय मुख्यालयों में	–	अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़
सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर-492002

क्रमांक-पुमु/प्रशासन/भर्ती/ M-99 /2022 दिनांक 12 .01.2023

प्रति,

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर।

विषय :- सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर की प्रारंभिक लिखित भर्ती परीक्षा (**PRPE22**) के संबंध में।

संदर्भ :- आपका पत्र क्रमांक व्यापमं/2022/038, दिनांक 05.01.2023

--00--

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। तत्संबंध में लेख है कि सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर भर्ती की प्रारंभिक लिखित परीक्षा कराने हेतु राज्य शासन व्दारा समय-समय पर आरक्षण एवं अन्य प्रयोजन हेतु जारी नियम/ निर्देश लागू होने की शर्त पर सहमति दी जाती है।

12/01/2023
हेतु-पुलिस महानिदेशक
छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक-पुमु/प्रशासन/भर्ती/ m-99 /2022 दिनांक 12 .01.2023

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं यथोचित कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर।
2- अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, नक्सल अभियान एवं अध्यक्ष, सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर चयन समित, पुलिस मुख्यालय, छ.ग., नवा रायपुर।

12/01/2023
हेतु-पुलिस महानिदेशक
छत्तीसगढ़